हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 जून 2024

06 ईदगाह पर सुबह नमाज अता कर एक दूसरे के...



07 एसएफ जवानों की सुरक्षा के बीच चोरों ने जालपा धाम...





## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई साफ-सफाई



**सीहोर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में अनेक जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बुदनी के आवलीघाट पर नदी की सफाई का कार्य किया गया। भैरूंदा में नीलकंठ के नर्मदा घाट पर साफ-सफाई की गई। मर्दानपुर एवं नगर परिषद कोठरी, रेहटी में वृक्षारोपण एवं मंदिर की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

### एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विगत दिवस समीक्षा बैठक में इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिये थे। कंपनी ने कहा है की मूल विद्युत कनेक्शन के अधीन परिवार के द्वारा पृथक कनेक्शन चाहे जाने पर मूल कनेक्शन परिवार के मुखिया के नाम करवाने हेतु यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगाने के बाद प्रशासन ने रोक दी थी मुहिम

# अवैध कॉलोनियों पर फिर चलेगा बुल्डोजर होगी एफआईआर, प्रशासन करा रहा सर्वे

**जिन अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन ने बुल्डोजर चलाया था उनमें फिर से रोड बना कर भूमाफिया बेचने लगे प्लाट।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनी बन चुकी हैं और नई कॉलोनियों में प्लॉट कट रहे हैं। सीवेज से लेकर रोड, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। अब ऐसी बनने वाली नई अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरुआत इस बार मंडी क्षेत्र से होगी, जहां अभी तक इस तरह की 15 से अधिक कॉलोनियां चिह्नित हो चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सबसे पहले उन कॉलोनियों पर कार्रवाई होगी, जहां अभी सिर्फ कॉलोनी के नाम पर रोड बनाकर प्लॉट काटे जा रहे हैं। उसके बाद ऐसी कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा, जहां कुछ निर्माण हो गया है। जिले में सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरुंदा, बुदनी, जावर सहित अन्य जगहों पर 500 से अधिक कॉलोनियां काटकर प्लाट बेच दिए हैं और बेचने की फिराक में हैं। लेकिन यहां अपने सपनों का अशियाना बनाने का सपना देख रहे लोगों को दस्तावेज दिखाकर मनमाफिक कीमत में प्लाट व मकान बेच देते हैं। इन कॉलोनियों में रजिस्ट्री तो हो जाती है, लेकिन विकास से आज भी कोसों दूर हैं। इससे शासन के राजस्व सहित भू-स्वामी को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### कुछ कॉलोनियों पर कार्रवाई कर बीच में छोड़ दी थी मुहिम

लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगाने से पहले जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। इस दौरान सीहोर, इछावर और आष्टा में कुछ गिनी चुनी कॉलोनियों पर कार्रवाई कर जेसीबी उनके स्टेक्टर को तोड़ा था। शहर में भी शेरपुर, गणेश मंदिर के पीछे, इंदौर नाका और लुनिया चौराहे के पास पुराने जिला पंचायत भवन के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर बुल्डोजर चलाया था। लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद मुहिम ठंडे बस्ते में चली गई। प्रशासन अब एक बार फिर से अवैध कॉलोनियों का सर्वे कर रहा है।

### एफआईआर करने केवल सूची जारी हुई, कार्रवाई नहीं

जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनाजरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीते साल अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज करने के लिए एक लिस्ट जारी की थी। एफआईआर के लिए सिर्फ 19 कॉलोनाइजरों की सूची जारी की गई थी। लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं गई है। ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध कॉलोनियों में प्लॉट लेकर मकान बनाने वाले सुविधाओं के लिए परेशान होते रहते हैं।

#### मुहिम फिर होगी शुरू

अवैध कॉलोनियों का फिर से सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद फिर से मुहिम को शुरू करेंगे। साथ ही अवैध कॉलोनाजरों पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

**तन्मय वर्मा,** एसडीएम सीहोर

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ ने बाल विकास मंत्री को बताई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ, भारतीय मजदूर संघ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण को लेकर मुलाकात की। महिला बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से संपर्क ऐप पर जो दबाव डालकर उपस्थिति का कार्य कराया जा रहा है, उसको बंद कराने व सिर्फ पौषण ट्रेकर ऐप पर ही कार्य कराने की मांग की गई। जिस पर मंत्री निर्मला भूरिया ने आश्वस्त करते हुए कहा कि हम इस पर शीघ्र ही कार्यवाही करते है हुए निराकरण करेगें। संपर्क ऐप के कारण मानदेय में कटोती न करने की बात भी की गई। समूहों से पौषण आहार न बनवाने और केन्द्र पर ही बच्चों को स्वादिष्ट गुणवत्ता के साथ पूरक आहार सेवा देने की बात की गई। जिस पर उन्होंने सहमति प्रदान की। आंगनबाड़ी भवनों में सुविधाओं की बात कही। इसके साथ ही अनेक मुलभूत सुविधाऐं मोहिया कराने की बात की बात भी की गई, जिस पर मंत्री द्वारा सकारात्मक जवाब मिला। संगठन की सभी बातों को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही कर शीघ्र ही निराकरण का अश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित संघ के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से संगीता श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री गंगा गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला गोस्वामी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ, सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा परमार, जिला अध्यक्ष उषा राठौर, जिला कार्यकारिणी सदस्य गिरजा मौर्य, दीपमाला, रजनी विश्वकर्मा, संगीता राठौर, डॉली कुशवाहा, रेखा, पदमा सोनी, तबस्सुम, मेहनाज खान, सीता धीमान, हेमलता राठौर आदि शामिल रहे।

### दलितों की समस्याओं को लेकर नरेंद्र खंगराले ने भोपाल में दिया धरना

**सीहोर।** मप्र अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले तत्कालीन पार्षद ने सीहोर जिले की दलितों की समस्याओं को लेकर लिल्ली टॉकिज के सामने धरना देकर सीहोर जिले की दलितों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा धरना स्थल पर पुलिस उपायुक्त को ज्ञापन भेंट कर शीघ्र दलितों की समस्याओं को निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान खंगराले ने भोपाल पुलिस उपायुक्त को बताया कि दलितों की अहस्थांतरणीय पट्टे की भूमि की बिना कलेक्टर की परमिशन से रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्री कर दी गई है। खंगराले ने आरोप लगाया है कि रजिस्ट्री करते समय दलितों को रजिस्ट्रार के समक्ष खड़े किए बिना एवं रूपयों का लेन-देन किये बिना रजिस्ट्री करा दी गई है। खंगराले ने यह भी बताया कि रजिस्ट्री में दूसरे लोगों के फर्जी फोटो लगे हुए है। जिले में दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में दिए गए पट्टे की भूमि पर प्रभावशालियों का कब्जा बना हुआ है। आज तक दलितों को सीहोर जिला प्रशासन द्वारा कब्जा नही दिलाया गया है।




खंगराले ने यह भी कहा कि जिले में दलित महिलाओं पर आए दिन दुष्कर्म जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, बलात्कारी बाहर घूम रहे हैं एवं दलितों की हत्याएं की जा रही है, मुल्जिमों को नहीं पकड़ा जा रहा है। इन वर्गों की बारात घोड़े पर नही निकलने दी जा रही है, जिससे समाज में भारी आक्रोष व्याप्त है। धरना स्थल पर जगदीश वर्मा, मेवालाल केनरजी, महेश नन्दमेहर, गंगा चौहान, आरती नरेन्द्र खंगराले, भीम खटीक, दीपक सोनकर, दिलावर ओसवाल, एडवोकेट उषादेवी अहिरवार विदिशा, रीना जाटव आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रवासियों को बदहाल सड़कों से मिली मुक्ति 12 लाख से वार्ड 29 में सड़कों का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की अनेक कॉलोनियों में वर्षों से बदहाल पड़ी सड़कों का बारिश से पूर्व निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। शहर में अनेक सड़कों का निर्माण हो रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का डीडी स्टेट क्षेत्रवासियों से आभार व्यक्त किया और उनका स्वागत किया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां पर सड़क का निर्माण वर्षों से नहीं हुआ था। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन वार्ड 29 के पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया के अथक प्रयास और डीडी स्टेट वासियों की वर्षों पुरानी समस्या का निदान हो गया है। क्षेत्र में 12 लाख की लागत से तीन सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बीते कई सालों से बदहाल पड़ी इस सड़क का कायाकल्प होने जा रहा है। इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चालक सहित राहगीर आवागमन करते हैं। स्थानीय रहवासियों की माने तो वर्षों से जर्जर हो चुकी सड़क और नाली नहीं होने से परेशानी हो रही थी। अब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद समस्याओं से निजात मिल जाएगी। रविवार को भी नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर शहर के वार्ड क्रमांक 28 में जारी सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे।



**सीहोर।** नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण।

# ईद पर अमन की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा सोमवार को मनाया गया। शहर के पुट्ठा मिल स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान खुदा की इबादत में हजारों हाथ उठे। मुस्लिम अकीदतमंदों ने क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की। यहां पर उपस्थित काजी साहब ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई, वहीं शहर की कई मस्जिदों में सुबह के समय नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी।

इस मुबारक मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, समाजसेवी सईदलाला मंसूरी, मनोज दीक्षित मामा, जमशेद खान, वसीम खान सहित अन्य लोगों ने ईद की बधाई दी। सोमवार को ईद होने के कारण शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अल सुबह से कुर्बानी और शांति देने वाली ईद की खुशियों को लेकर एक दूसरे के लिए चहल-पहल थी। इसके बाद हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के बंधुओं ने ईदगाह के विशाल मैदान पर एक साथ उठकर खुदा की इबादत में दुआ की। सोमवार को शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों बकरा ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में सुबह पहुंचे। जहां उन्होंने ईद की नमाज अता कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। मोगरा फूल के सरपंच शहीद भाई ने बताया कि ईद का यह पर्व सभी के लिए इंसानियत का पैगाम देने वाला है। नेक इंसान वही है जो दूसरों के लिए जीता हो। पाप से डरता हो। साफ मन वाले इंसान की कुर्बानी को ही अल्लाह कबूलते हैं।



### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सलकनपुर पहुंचकर की पूजा-अर्चना

# कृषि अर्थव्यवस्था की रीड, किसान उसकी आत्मा: शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह, पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के साथ विजयासन देवी धाम सलकनपुर पहुंचे। उन्होंने माता विजयासन की पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में कृषि का विशेष स्थान है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीड है और उसकी आत्मा किसान है। उन्होंने कहा कि कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए सतत काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि 18 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी में आयोजित कार्यक्रम में देश के किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि खेती का तेजी से विकास हो और किसान आगे बढ़े, इसके लिए 100 दिन की कार्य योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास भी सरकार की प्राथमिकता है और पहली कैबिनेट बैठक में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण क्षेत्रों में बनाने का निर्णय लिया, ताकि गरीबों का खुद के पक्के मकान का सपना पूरा हो सके। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय तथा सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# 'ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय नहीं होता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जगदीश मंदिर परिसर में महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। कहा कि ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होती। पृथ्वी लोक पर हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष दो असुरों ने भयंकर उत्पात मचा रखा था। देवताओं के आग्रह पर भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया। हिरण्यकश्यप बदले की आग में जलने लगा और शक्तियां प्राप्त करने के लिए तपस्या करने लगा। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसका नाम भक्त प्रहलाद रखा। भक्त प्रहलाद के जन्म लेते ही वह भक्ति के सागर में डूब गया और जब यह बात उसके पिता राक्षस राज हिरण्यकश्यप को पता लगी तो उसने अपने पुत्र को कई प्रकार से समझाने का प्रयास किया कि वह भगवान विष्णु की भक्ति करना छोड़ दे। क्योंकि हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानता था और बदले की भावना में जल रहा था।

पंडित राहुल कृष्ण ने विस्तार से भक्त प्रहलाद का चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तपस्या कर भगवान ब्रह्मा से ऐसा वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन में, न रात में, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न नर मार सके न नारी, न पानी में डूब कर मरने का वरदान प्राप्त किया था। हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना दुश्मन मानते थे। वह निर्भय थे। हिरण्यकश्यप पुत्र प्रह्लाद को तरह-तरह की यातनाएं देने लगे जबकि भगवान हमेशा प्रह्लाद की रक्षा करते रहे।

खबर संक्षेप

## नगर बागली में गंगा बावड़ी पर पूजन के साथ निकाली कलशयात्रा



**बागली।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 5 जून पर्यावरण दिवस से ही जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा था, जिसके अंतर्गत नगर परिषद बागली में सतत अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जागरूक किया गया। रविवार के दिन गंगा दशमी पर इस अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद बागली द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित प्राचीन गंगा बावड़ी पर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, एसडीएम आनंद मालवीया,सीएमओ महेश कुमार शर्मा,कमल यादव पार्षद अमित धूलिया की उपस्थिति में पंडित वासुदेव जोशी व्दारा बावड़ी का पूजन कर कलश यात्रा प्रारंभ की गई। इस दौरान शंकर मंदिर तलाब पर पौधरोपण भी किया गया। कलशयात्रा मुख्यमार्ग से होते हुए, नगर परिषद पहुंची जहां पर कलश यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव ने कहा की सभी नगर वासियों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना है। सीएमओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान अंतर्गत नगर के 10 कुएं ,तालाब एवं एक बावड़ी कि सफाई कर संरक्षित किया गया है। साथ ही बारिश के दिनों में जल संरक्षण को लेकर योजनाएं बनाई गई है। इस अवसर पर प्रविण चौधरी, जल मिशन अभियान के एस एन प्रजापति, किशोर गुजराती, मोहनलाल मानधंया,रजत बजाज, मोनू अजमेरा मनीषा खैरवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं व नप कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र समाज में योग और मंदिर स्थापना दिवस मनाया जाएगा

**देवास।** महाराष्ट्र समाज कार्यकारिणी तथा न्यास मंडल सदस्यों की एक बैठक न्यास प्रबंधक सदाशिव जोशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज में प्रति वर्षानुसार 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। देवास शहर की प्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका गौरी शेकटकर मार्गदर्शन करेंगी। दिनांक 25 जून को समाज स्थित श्री गणेश मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर होम हवन, सहस्त्रावर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में इंदौर के संत अमृतफळे महाराज भी उपस्थित रहेंगे। सभी समाजजनों से आग्रह है कि दोनों ही आयोजनों में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उक्त जानकारी प्रवक्ता अतुल मद्धव ने दी।

### बकरीद पर पढ़ी गई ईद की नमाज, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ

# ईदगाह पर सुबह नमाज अता कर एक दूसरे के गले मिलकर दी मुबारकबाद



नमाज के बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम और पैगंबर हजरत इस्माइल की असीम कुर्बानी को याद करते हुए बकरो की कुर्बानी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭भैरूंदा

नगर में सोमवार की ईद-उल-अजहा, ईदगाहों में पढ़ी जा रही बकरीद की नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने मिल कर ईदगाह में नमाज पढ़ी गई मुस्लिम समुदाय का बकरीद या ईद-उल-अजहा प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस बार बकरीद 17 जून को मनाई जा गई है।

इस दिन बकरे की कुर्बानी देने की परंपरा है। इस पर्व को ईद-उल-जुहा या बकरा ईद के नाम से भी जानते हैं।भैरूंदा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुबह की नमाज अदा कर एक दूसरो के गले मिल कर एक-दूसरे को दी बकरीद की बधाईः इस दौरान सभी से अमन और भाईचारा कायम रखने की अपील की गई है. जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाता है. नमाज के बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम और पैगंबर हजरत इस्माइल की असीम कुर्बानी को याद करते हुए बकरो की कुर्बानी दी गई. कुर्बानी पर्व बकरीद पैगंबर हजरत इब्राहिम एवं पैगंबर हजरत



इस्माइल की कुर्बानी की याद में यह पर्व मनाया जाता है।

## महेश नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा, अध्यक्ष मनोज बजाज ने बताया कि इस वर्ष देवास में पहली बार सायं 5 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा श्री सांवलियानाथ मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर भेरूगढ़ पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में भगवान भोलेनाथ की चलित झांकी सभी का मन मोह रही थी। इसके बाद रूपल सोमानी द्वारा विभिन्न वेश भूषा में तैयार किए गए बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। सखी संगठन की अध्यक्ष अलका भूतड़ा के नेतृत्व में महिलाएं लेझिम का प्रदर्शन करती चल रही थी। महिला संगठन की अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी एवं साथी सहित सभी डमरू बजाते चल रही थी। रास्ते में गरबा आदि अनेक नृत्य प्रस्तुत किये गये। भजन गायक द्वारका मंत्री ने पूरे समय साथियों के साथ लगातार 2 घंटे भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा का स्वागत गणेश देव स्थान, मारवाडी महिला समिति, गणेश काबरा, भीम सोनी, महादेव टेलीकाम संजय ताराणी, राजेश सेन, गणेश विजयवर्गीय, खाटू श्याम सेवा समिति, प्रदीप साहू, पवन विजयवर्गीय, गजेन्द्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, राधेश्याम सोनी, स्वर्णकार समाज, संजय जैन गौरवमयी संस्था, चित्तोड़ा समाज, अरविंद महाजन, अशोक गुप्ता, सत्यनारायण चिचाणी परिवार, किराना व्यापारी एसोसिएशन राकेश गुप्ता एवं साथी, वैश्य महासम्मेलन, जांगड़ा पोरवाल समाज, शुक्ला जी एवं साथी, माहेश्वरी स्वीट्स, माहेश्वरी महिला संगठन, प्रगति मंडल आदि ने किया। समाजजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर शोभा यात्रा को सफल बनाया। पुरूष सफेद वस्त्र एवं साफां बांधकर तथा महिलाए केशरिया साड़ी में भगवान महेश की जय जय कार करते हुए चल रही थी। शोभा यात्रा का नेतृत्व युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांडक एवं साथियों द्वारा किया गया।

# कुबेरेश्वरधाम पर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के जन्मोत्सव पर पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



भजन गायिका संजो बघेल ने भजन और लोकगीत गायन से किया मंत्रमुग्ध सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर यहां पर करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भजन संध्या में भाग लिया और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव से भेंट कर उनको जन्म दिवस की बधाई दी। भजन संध्या में संजो बघेल द्वारा भजन तथा लोकगीत गायन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही अन्य गायकों गायन पर सभी को आनंदित किया। उक्त भव्य भजन संध्या का आयोजन विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने किया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। इस साल भी भजन संध्या और गुरुदेव के प्रवचनों का श्रवण करने के लिए कुबेरेश्वरधाम पर करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव पर चढ़ाया एक लोटा जल समस्त देवी-देवताओं को समर्पित होता है। इसलिए रोज भगवान शिव को एक लोटा जल जरूर समर्पित करना चाहिए। यह एक लोटा जल आपकी सभी समस्याओं का हल करेगा। भगवान महादेव सभी के है।

# प्राणियों का उद्धार करने के लिए स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर अवतरित हुईं थीं मां गंगाः मोहितराम

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर




पृथ्वी पर बढ़ते पापाचार एवं सनातनियों का उद्धार करने के लिए माता गंगा भगीरथ के तप शिव कृपा से स्वर्ग से पृथ्वी पर पधारी इसी पवित्र दिन को गंगा दशहरा कहा जाता है यहां मां गंगा का अवतरण दिवस है श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम पर माता गंगा का कलश पूजन कर राष्ट्रीय कथा व्यास संत पंडित मोहितराम पाठक ने गंगा दशहरा की पवित्र कथा का वर्णन करते हुए कहा गंगावतरण से तात्पर्य है कि 'गंगा का पृथ्वी पर अवतरण। अयोध्या के इक्ष्वाकु वंशीय राजा भगीरथ के कठिन प्रयत्नों और घोर तपस्या से ही गंगा का पृथ्वी पर अवतरण सम्भव हुआ था। भगीरथ के पूर्वज राजा सगर के साठ हज़ार पुत्र कपिल मुनि के तेज से भस्म हो जाने के कारण अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए थे। उनका उद्धार करने में गंगा पृथ्वी पर पधारी थी श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम सैकड़ा खेड़ी रोड में आश्रम परिवार के सदस्यों द्वारा गंगा दशहरा के पर्व पर मां गंगा की आरती पूजन अर्चना गौ माता कि पूजन की गई साथ ही गुरू देव ने मां गंगा के महत्व को बताया। इस मौके पर नरेंद्र शर्मा, मनोहर राय, प्रवीन तिवारी, मनोज जेन, रामबाबू सक्सेना, तुलसीराम परमार, बृजेश पाराशर, सुरेश जाधव, विनोद शर्मा, सुरेश राठौर, बहन प्रेमलाता राठौर, सुनील राय, उर्मिला गुप्ता, रेनू शर्मा, कविता जाधव, वर्षा शर्मा, भंवरलाल जायसवाल, नितिन उपाध्याय, शेलेंद्र चंदेल, स्नेह लता राठौड़, लक्ष्मण चौकसे आदि लोग मोजूद रहे।

# भैरूंदा पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान 14 वारंटियों को किया गिरफ्तार

### वारंटियों को किया न्यायालय में पेश



हरिभूमि न्यूज ⏭भैरूंदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों, फरार आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए भैरुंदा पुलिस स्टाफ के व्दारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिनांक 16जून को कॉम्बिंग गशत कर 14 वारंटियों को विधिवत गिरफ़्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम दांगी के नेतृत्व में चार टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से दिनांक 15जून को रात्रि मे काम्बिंग गशत की गई जिसमे थाना भैरुंदा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले 07 स्थाई वारंटी 12 स्थाई वारंटी मो0 अरशद पिता मो0 हनीफ उम्र 26 साल निवासी भैरुंदा , अकबर खा पिता आदम खाँ निवासी भैरूंदा, रामहीत पिता रामप्रसाद मीणा उम्र 60 साल निवासी ग्राम हाथीघाट, चम्पालाल पिता अनोखीलाल धनवारे उम्र 64 साल निवासी ग्राम हाथीघाट, गोविन्द सिहं पिता प्रभुलाल मीणा उम्र 50 साल निवासी ग्राम हाथीघाट, रामकृष्ण पिता गुलाब सिहं कुशवाह उम्र 32 साल निवासी ग्राम हाथीघाट, प्रकाश पिता रामचन्द्र कुशवाह उम्र 38 साल निवासी ग्राम हाथीघाट, शंकरलाल पिता रामसिहं निवासी ग्राम बालागाँव ( दो स्थाई वारंट )धर्मेन्द्र परते पिता मंगल सिहं परते उम्र 24 साल निवासी सुआपानी, देवलाल उर्फ देवराम पिता मुलचंद तुमराम उम्र 40 साल, स्थाई वारंटी इस्ताक पिता उस्मान निवासी गौडी मोहल्ला लाडकुई एवं गिरफ्तारी वारंटी ,संतोष साहू पिता धनराज साहू निवासी भैरुंदा,नसीफ खान पिता सरीफ खाँ निवासी भैरुंदा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

इसके साथ ही फ़रार आरोपी सलीम खान पिता नूर मोहम्मद खान निवासी सर्वहारा कालोनी भैरुंदा के निवास स्थान पर दबिश दी गई जिन्हे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सराहनीय योगदानः- उनि पूजा राजपूत, उनि श्याम कुमार सुर्यवंशी, उनि राजेश यादव, सउनि सुंदर लाल सरयाम, रामशंकर परते,धर्मन्द्र गुर्जर, हरिशंकर कीर, महेन्द्र, राजीव मोरप्पो, जितेन्द्र मीणा, दीपक जाटव, शशांक साहू, आशीष बारेला, विनोद, रविन्द जाट, आनन्द गुर्जर, जितेन्द्र कीर, रितेश तोमर, पवन जाट, अनिल सोदे का सराहनीय योगदान रहा है।

## मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



गत दिवस इंदौर में । मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन की चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साल 2024 से 2028 तक के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सीहोर के वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी शैलेंद्र पहलवान का नाम भी शामिल किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर अनिल महाजन, सचिव अनिल धूपर, संयुक्त सचिव अर्जुन धूपर, कोषाध्यक्ष अनुराग ठाकुर। उपाध्यक्ष एनएस झाबुआ, पीके जैन, अचल चौधरी, अतुल धूपर, डॉ. श्रीमती गुरमीत बिंद्रा, सलिल कक्कड़, गोपाल मारवल तथा अमित कुमट। काउंसलर्स में शैलेंद्र पहलवान, बीएस छाबड़ा, मुक्तेश सिंह, मनोज कुकरेजा, प्रमोद दीक्षित, नीति अग्रवाल तथा हरप्रीत बाजपेयी के नाम शामिल हैं। मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन के चुने गए सभी पदाधिकारियों को नगर के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## राठौर समाज ने किया जगदीश भगवान चल समारोह का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के तत्वाधान में श्री जगदीश भगवान का भव्य चल समारोह निकल गया। चल समारोह में आगे-आगे आकर्षक मिलिट्री सेना जांबाज सिपाही के हाथ में तिरंगा लिए घोड़े पर सवार, विशालकय वीर हनुमान जी, भगवान श्री जगदीश भगवान की झांकी सहित ढोल-ताशे पर महिला-पुरुष नृत्य करते नजर आ रहे थे।

चलसमारोह का सभी सभी सामाजिक संगठनों के द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर स्वागत सम्मान किया गया। इसी अवसर पर राठौर समाज ने स्थानीय कोतवाली चौराहे पर चल समारोह के अध्यक्ष आकाश वर्मा, जिला समिति के अध्यक्ष रघुनाथ वर्मा का साफा बांधकर माला पहनाई व पुष्प वर्षा की गई।

इस अवसर पर उपस्थित जनों में राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर महामंत्री जितेंद्र राठौर मिडिया प्रभारी अशोक राठौर, वेद प्रकाश राठौर, त्रिलोकचंद राठौर संतोष राठौर भारत राठौर अर्जुन राठौर, गोविंद पहलवान चंद्रवंशी हेमा राठौर अजय राठौर आदि समाज जन मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश यादव यदुवंशी समाज का जिला सम्मेलन रेहटी में हुआ संपन्न

# सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का किया सम्मान







हरिभूमि न्यूज ⏭रेहटी

यादव यदुवंशी समाज का जिला सम्मेलन जगदीश पैलेस गार्डन रेहटी मैं संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सीहोर जिले सहित अन्य जिलों से यदुवंशी समाज के लोग शामिल हुए। आयोजित हुए कार्यक्रम का शुभारंभ हरि सिंह पटेल वाईसाद द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यदुवंशी समाज प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण यदुवंशी विशिष्ट अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई, उमेश यादव सहित अन्य समाजसेवी कार्यक्रम में शामिल हुए।

यदुवंशी समाज प्रदेश संयोजक कैलाश पटेल प्रदेश सचिव सुरेश यादव जिला यदुवंशी समाज अध्यक्ष मोहन यदुवंशी द्वारा जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई,उमेश यादव, पत्रकार नरेंद्र यादव, बीके हिंदुस्तानी, प्रमोद यादव, गौरी शंकर यादव सहित सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अनेक लोगों का सम्मान किया गया।

आयोजित हुए यादव यदुवंशी समाज के जिला सम्मेलन के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा धर्मशाला हेतु दो एकड़ भूमि क्रय करने, आर्थिक रूप से कमजोर यदुवंशी समाज के मेधावी योग बच्चों की उच्च शिक्षा की पढ़ाई हेतु सहायता राशि, समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, प्रत्येक ग्राम में समाज की समिति गठित करने सहित विभिन्न मुद्दों पर एक मत होकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन बलराम यादव एडवोकेट द्वारा किया गया। सभी अतिथियों एवं सामाजिक लोगों के कार्यक्रम में पधारने पर जिला अध्यक्ष मोहन यदुवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### जालपा मंदिर की छोटी दानपेटी के ताले भी चोरों ने तोड़कर राशि चुराई

# एसएफ जवानों की सुरक्षा के बीच चोरों ने जालपा धाम की दानपेटियां चटकाईं

### हनुमान मंदिर की दानपेटी का चढ़ावा निकालकर बदमाशों ने पहाड़ी पर फेंक दी पेटी








हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इन दिनों क्षेत्र के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। नगर के एसी वाले हनुमान मंदिर, खोयरी महादेव मंदिर व अन्य मंदिरों में हुई चोरियों की पड़ताल में जुटी पुलिस को चोरों ने फिर से एक ओर बड़ी टास्क दे डाली। शनिवार-रविवार की मध्य-रात्रि चोरों ने क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध मां जालपा शक्तिपीठ को निशाना बनाया। चोर शक्तिपीठ के हनुमान मंदिर और जालपा मंदिर की दानपेटियों को चटकाकर भक्तों द्वारा चढ़ाया गई दानराशि को चुरा ले गए। हैरत की बात यह है कि जालपा मंदिर पर एसएफ के जवानों की एक-तीन की गार्ड की तैनाती के बावजूद चोरों ने कृत्य को अंजाम दिया। इस घटना ने जवानों की मुस्तैद चैकसी को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

चोरी की सूचना के बाद रात्रि में ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों एवं मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सीसीटीवी खंगाले। इन सीसीटीवी में बदमाशों की कुछ तस्वीरें आई हैं लेकिन वे स्पष्ट नहीं हैं। कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर के अनुसार चोर आसपास के ग्रामों के हो सकते हैं।

#### पहले हनुमान मंदिर पर बोला धावा

चोरों ने सबसे पहले जालपा मंदिर के पहले स्थित हनुमान मंदिर को अपना निशाना बनाया। रात्रि में यहां काफी सुनसान रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मंदिर की दानपेटी के ताले तोड़े। पेटी में रखे पूरे चढ़ावे को चुराया और फिर पेटी को मंदिर के ठीक सामने पहाड़ी पर फेंक दिया।

#### बड़ी पेटी को छोड़कर छोटी दानपेटी का चढ़ावा चुराया

हनुमान मंदिर में वारदात को अंजाम देने के बाद भी चोर नहीं रुके। वे जालपा मंदिर के मुख्य गेट पर रखी बड़ी दानपेटी को तोड़ने के प्रयास में थे पर कामयाब नहीं हुए। फिर बदमाशों ने छोटी दानपेटी को किसी तरह उठाया और मंदिर के पीछे के खुले क्षेत्र में उसे ले गए। यहां बदमाषों ने दानपेटी के लॉकर, ताले खोले और पूरी दानराषि चुरा ली। हड़बड़ी में चोर दानपेटी में कुछ चिल्लर व कुछ नोटों को और पेटी को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। यह पूरी घटना रात्रि करीब 2.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

#### पिछली बार पेटियां खोलने पर निकले थे 1 लाख 65 हजार

मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी राजेंद्र विजयवर्गीय ने बताया कि हनुमान मंदिर की दानपेटी महीने, सवा महीने में एक बार खोली जाती थी। इसी तरह जालपा मंदिर की छोटी दानपेटी को भी महीने या सवा महीने में खोला जाता था। पिछली बार जब ये पेटियां खोली गई थी तो करीब 1 लाख 65 हजार का चढ़ावा इनमें निकला था।

#### इनका कहना है...

पिछली बार जब दानपेटियां खोली थी तो उनमें 1 लाख 65 हजार का चढ़ावा निकला था। लगभग इतना ही चढ़ावा दोनों पेटियों में होगा। महीने, सवा महीने में पेटियां खोली जाती हैं।

**- राजेंद्र विजयवर्गीय,**
ट्रस्ट पदाधिकारी, जालपा मंदिर, राजगढ़

यहां तैनात एसएफ जवानों की मुस्तैदी में कमी भी चोरी की वजह है। हमने सीसीटीवी देखने के साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है। जल्द चोरी का खुलासा करने हम हर स्तर से प्रयास कर रहे हैं।

**- वीरसिंह ठाकुर,**
टीआई, थाना कोतवाली, राजगढ़

# कालापीपल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेवर किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल





25 मई को फरियादी आशीष पिता शंकर लाल परमार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मांडलाखेड़ी ने थाना कालीपीपल पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी रुपए चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना में पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया। फरियादी वरेन्द्र सिंह पिता मोरसिंह राठौड़ उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम खमलाय द्वारा थाना कालीपीपल पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई की 26 मई की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में घूसकर सोने चांदी के जेवरात व नकदी रुपए चोरी की रिपोर्ट पर थाना में अपराध पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया।

थाना कालापीपल क्षेत्र में हाईवे से लगे गांवों में चोरी की दो बड़ी घटनाएं हुई थीं, जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल शाजापुर द्वारा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिंटू कुमार बघेल के मार्गदर्शन में चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी कालीपीपल मनोहर सिंह जगत के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम ने अभियान के दौरान 13 जून को सचिन पिता राजेंद्र धार इंदर कंजर उम्र 30 वर्षीय निवासी कंजर डेरा पीपलरावा देवास को गिरफ्त में लेकर सोने चांदी के जेवराती जप्त कर आरोपी को न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पुनः पेश किया जा रहा है एवं अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है। बरामद किए गए माल में ग्राम मांदलाखेड़ी से सोने का हार, बाजूबंद, मंगल सूत्र, अंगूठियां, लोंग चांदी की पायल, चांदी की बिछुड़ी एवं ग्राम खमलाय से एक रानी हार सोने का, कान के टैप्स, मंगलसूत्र सोने का मोती सहित अंगूठी, पायजब चांदी, कान के झुमके एवं अंगूठी को जब्त किया।

# पागल कुत्ते ने 10 साल के बच्चे सहित 5 लोगों को काटा, कुत्तों को पकड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



खोयरी रोड सहित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचाते हुए 10 साल के एक बालक सहित पांच लोगों को काटा है। रविवार के दिवस यह पांचों घटनाएं हुईं। कुत्ते के काटने से घायल लोगों को जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया है। जिन लोगों को कुत्ते ने काटकर लहुलुहान किया है उनमें प्रहलाद सिंह पंवार उम्र 58 वर्ष निवासी भंडारा गली, आकाष पिता बीरमसिंह 10 साल, रेखाबाई पत्नी मोतीलाल निवासी कलीखेड़ा, आकाश पिता बीरमसिंह उम्र 10 साल, परिधि पुत्री पर्वतसिंह उम्र 20 साल निवासी सेमलाबे, रिंकू पिता मोतीलाल निवासी कलीखेड़ा एवं राहुल पिता हरिप्रसाद उम्र 25 साल निवासी राजगढ़ शामिल हैं।

नगर में आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में रहवासियों ने नपा से मांग की है कि शहर की सीमा से आवारा कुत्तों को पकड़कर अन्यत्र भिजवाने की व्यवस्था करवाई जाए। रहवासियों का कहना है कि बहुत छोटे बच्चे को अगर कुत्ते पकड़कर उठा ले गए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

# टेंडर व वर्कआर्डर के बाद भी ठेकेदार ने शुरू नहीं किया कार्य

### किशनगढ़ क्षेत्र की सड़क का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



नेवज नदी के समीप स्थित किशनगढ़ क्षेत्र के एक सड़क अर्से से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। गांव के ठीक नीचे की एक सड़क पर डामरीकरण कार्य होना है। बताया जा रहा है कि करीब 6 माह पूर्व टेंडर प्रक्रिया उपरान्त ठेकेदार को नगर पालिका ने वर्कआर्डर भी दे दिया।

इसके बाद भी ठेकेदार ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। सडक अपनी पुरानी हालत में ही रहने से पिछले दिनों हुई बारिश से पूरा मार्ग कीचड़, पानी से लबरेज हो चुका है। पैदल राहगीरों के साथ ही बाईक चालकों को खासी परेषानियां इस मार्ग पर उठानी पड़ रही हैं। वार्ड पार्षद के.पी. पंवार ने बताया कि सड़क को बनवाना उनकी प्राथमिकता में है पर वार्ड के कुछ लोग ही प्राब्लम क्रिएट कर रहे हैं। इसके साथ ही निर्माण एजेंसी को भी वर्क आर्डर दे दिया गया है लेकिन वह काम शुरू नहीं कर रहे हैं।

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग



**खुजनेर।** एकादशी व्रत उद्घापन महिला मंडल खुजनेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा देव महाराज स्थान पर आयोजित हो रही है। कथा के छठे दिन कथावाचक पं. रामकृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर दिया सार्थक समावेश का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक आयोजित किया गया। जिसका समापन रविवार को गंगा दशमी के अवसर पर हो गया। इसी क्रम में नगर में गंगा दशहरा के दिन गंगा आरती एवं पूजन कार्यक्रम विधायक हजारीलाल दांगी खिलचीपुर की उपस्थिति में स्थान कांकरिया रोड बालाजी मंदिर परिसर छापीहेड़ा में समपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवबाई भंवरलाल खटीक अध्यक्ष नगर परिषद ने की एवं मंचासीन अथिति के रूप में बालचंद दांगी स्वदेष शर्मा कैलाष पाटीदार राजेश टांक अमित झांझावत प्रवीण विसालिया थे। कार्यक्रम में बद्रीलाल रजक वासुदेव झांझावत बबलू जायसवाल वीरेन्द्र जैन प्रभुलाल तंवर रोड़मल कुशवाह नगर परिषद कर्मचारी बादल नरगावें पंकज शर्मा कुशालसिंह दांगी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिद्ध बालाजी की पूजा आरती माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में विधायक ने अपने विचार व्यक्त कर जल संरक्षण जल संवर्धन के महत्व पर प्रकाष डालते हुए बताया कि प्राचीन समय में कुएं बावड़ी तालाबों को महत्व दिया जाकर संरक्षित रखा गया है। वर्तमान में आवष्यकता है कि सभी कुंआ बावड़ी तालाब एवं जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार साफ सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्रमुखता से किया जाना चाहितए जिससे जल स्तर भी बढ़ेगा एवं नगर में सौन्दर्यकरण भी होगा साथ विधायक जी द्वारा सभी उपस्थित लोगों को वृक्षा रोपण के लिए प्रेरित किया एवं वृक्षारोपण करने के साथ ही उस वृक्ष की सुरक्षा करने का संकल्प दिलवाया इसके पष्चात कांकरिया बालाजी पर स्थित प्राचीन कुएं पर गंगा आरती पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर ने किया एवं आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने व्यक्त किया।

### विधायक ट्रॉफी का समापन

# क्रिकेट के खेल में शरीर के सभी व्यायाम हो जाते हैं : विधायक

### टाइगर 11 कुरावर ने जीता फाइनल मैच



**कुरावर।** नगर में शनिवार रात को नर्मदा मालवा बैंक के पीछे स्थित खेल मैदान में पिछली 31 मई से चल रही विधायक ट्रॉफी का समापन हुआ। फाइनल मैच का शुभारंभ क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने बैटिंग कर एवं नगर परिषद अध्यक्ष बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने बॉलिंग कर किया। इससे पहले उन्होंने टाइगर 11 कुरावर एवं लसूल्या रामनाथ के 11 खिलाड़ियों से परिचय किया। उसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट खेल का रोमांच पूरे देश में है क्रिकेट खेल से शरीर के सारे व्यायाम हो जाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इस ट्रॉफी का आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। नौजवानों इसमें काफी मेहनत की है साथी उन्होंने खिलाड़ियों की खेल मैदान की मांग को लेकर शीघ्र ही नगर वासियों को खेल मैदान उपलब्ध करने की बात भी कहीं तो वही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी खेल मैदान के संबंध में खिलाड़ियों से लगातार प्रयास करने की बात कही उसके पश्चात फाइनल मैच में पहले कुरावर टाईगर 11 ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 95 रन का स्कोर खड़ा किया तो इसके जवाब में लसूल्या रामनाथ ने 10 ओवर में 79 रन ही बना पाई और 17 रन से टाइगर इलेवन ने फाइनल मैच जीत लिया। मैच खत्म होने के बाद विजेता टीम को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा की ओर से विजेता ट्रॉफी 51000 का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 25000 रुपए का नगद पुरस्कार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी की ओर से दिया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर ,बेस्ट अंपायर, बेस्ट कामेंटर आदि पुरस्कार अतिथि द्वारा दिए गए।

### गंगा दशहरा पर कपिलेश्वर प्रांगण सहित कालीसिंध नदी की सफाई की

# राज्यमंत्री, नपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के पर्व पर सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम कपिलेश्वर प्रांगण सहित मां कालीसिंध नदी की सफाई की। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी एवं आमजनता से अपील करते हुए कहा कि हमारे नगर के देवालय एवं कुआं बावड़ी का संरक्षण करना हम सबका कर्तव्य है। यह पुनीत कार्य हम सब की भागीदारी से ही संपन्न हो सकता है। ऐसे कार्य में हमेशा आपके साथ हूं। इसके पूर्व नदी की साफ सफाई करने स्वयं मंत्री टेटवाल नदी में उतरे उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं भाजपा नेता निर्मल जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा भाजपा पार्षद के साथ नगर पालिका सीएमओ एलएस डोडिया जन अभियान परिषद के बद्रीलाल बामनिया सहित भाजपा कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमीदल कपिलेश्वर तीर्थ विकास समिति नगर पालिका सफाई निरीक्षक सतीश कडारे एवं सफाई अमला सफाई अभियान में जुटे रहे। नगर में बड़े पैमाने पर कालीसिंन्ध नदी की सफाई की गई श्रद्धालुओं ने इस अभियान में भी अपना योगदान दिया तथा मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने नगर की जीवनदायनी मां कालीसिंध की सफाई देखकर जन प्रतिनिधियों की सराहना की गई एवं लोगों ने बताया कि कृष्ण सिंधु मां काली सिंध नदी की सफाई इसी तरह से होती रहे तो नगर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित होता रहेगा।

#### घाट पर दिखी स्वच्छता की रौनक की रोनक

*नगर पालिका सारंगपुर के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कपिलेश्वर तीर्थ धाम के घाट स्वच्छता की झलक परोस रहे थे घाट पर ही राज्य मंत्री टेटवाल ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि हमेशा ही इस तरह से हम सफाई करते रहे तो तीर्थ धाम पर स्वच्छता की अलख जगती रहेगी। इस दौरान उन्होंने नगर के समस्त देवालयों को भी स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया साथ ही प्रत्येक व्यक्ति से अवगत कर कहा कि वह वृक्षारोपण जरूर करें हर घर में तुलसी का वृक्ष अपने गमले में जरूर लगाए जिस घर के सामने जगह हो वह पीपल का पेड़ लगाए। जल गंगा संवर्धन अभियान के बाद राज्य मंत्री टेटवाल एवं नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने तीर्थ धाम प्रांगण पर पौधारोपण भी किया इसके बाद कपिलेश्वर गौशाला में संत पवन दास जी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता,शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे।*

# श्रेष्ठ संस्कारों से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण संभव : ब्रह्माकुमारी सुमित्रा

### सात दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तलेन




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तलेन के तत्वावधान में यादव धर्मशाला में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन का आयोजन किया था। प्रवचन के सातवें दिन तलेन नगर के महानुभव द्वारा भगवान शिव की पूजा कर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत को विश्वगुरु बनाना है, तो भारतवासियों को श्रेष्ठ संस्कार बनाने होंगे।

सारे विश्व की समस्त आत्माओं के प्रति भाईचारे का भाव जागृत करना होगा, तभी दुनिया हमें विश्व गुरु के रूप में स्वीकार करेगी। इसके लिए मैडिटेशन करना आवश्यक है। प्रतिदिन मेडिटेशन कर हम परमात्मा से दिव्य गुण और शक्तियां स्वयं में भरें। संसार की समस्त आत्माओं के लिए शुभ भावना, शुभकामना के श्रेष्ठ वाइब्रेशन फैलाएं।दीदी ने कहा कि 21 वीं सदी को स्वर्णिम सदी बनाना है, तो हमें सतयुगी देवी देवताओं की तरह अपने संस्कारों को भी श्रेष्ठ बनाना होगा। श्रेष्ठ संस्कारो से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण संभव है। खान-पान,रहन-सहन सात्विक बनाना होगा। वर्तमान समय हो रहे दुराचार, अत्याचार,पापाचार की सबसे बड़ी वजह नेगेटिव इनपुट है। इंद्रियों से निगेटिव इनपुट आ रहा है, इस वजह से हमारी कर्मेंद्रियों के द्वारा आउटपुट भी नेगेटिव हो रहा है। किसी भी दुराचारी व्यक्ति को सजा देकर डरा धमका कर सुधारा नहीं जा सकता है,उसे सुधारने का स्थाई समाधान है।ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी से ज्ञान को जीवन में उतार रामराज्य की पुनर्स्थापना करने की बात कही।


**खबर संक्षेप**

## पूर्व जाटव समाज अध्यक्ष परसैया के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



सीहोर। मध्यप्रदेश जाटव समाज द्वारा पूर्व जाटव समाज अध्यक्ष नन्दलाल परसैया, भगत सिंह परसैया एमपीईबी सेवीराम परसैया, अशोक परसैया के बड़े भाई के निधन पर सीहोर जाटव समाज द्वारा रविदास मंदिर डॉ.अम्बेडकर नगर गंज मुरदी मोहल्ला सीहोर में स्व. नन्दलाल परसैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री परसैया को ईश्वर के चरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामसिंह अहिरवार, शंकरलाल जाटव, धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, सुरेश इन्दौरिया सरपंच, नितेश इन्दौरिया, गंगाराम परसैया, हरिसिंह पुरवैया, नीरज जाटव, रिंकु जाटव, शोभाराम अहिरवार, धनराज थरेले, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम जाटव, राहुल जाटव, कैलाश, रामदयाल कचनेरिया, चुन्नीलाल कचनेरिया, सुरेश फरेला, धन्नालाल परचोले, सेवलाल मास्टर, सुरेन्द्र कचनेरिया उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक मदनलाल त्यागी का निधन



सीहोर। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मदन लाल त्यागी का 75 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया है। सीहोर जिले में भाजपा को खड़ा करने में त्यागी का बड़ा योगदान रहा है।

### किसानों ने समस्याओं का हल कराने केंद्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात

# हल भेंट कर किसानों ने शिवराज को बताई समस्याएं, स्वागत में किया डांडिया नृत्य

ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में पहुंचे किसान।



हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

सीहोर जिले के ग्राम चन्देरी, रामाखेड़ी सहित कई गांवों के किसान समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के केन्द्रीय कृषि मंत्री बनने के प्रथम बार भोपाल आगमन पर सभी किसानों ने लकड़ी का हल भेट कर अनोखे तरीके से डांडिया नृत्य करते हुए लहंगी गीत गाते हुए ग्रामीण किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा तीसरी बार सरकार बनाने पर बधाई दी और शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि मंत्री बनाये जाने पर बधाई देते हुए सम्मान किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा को अपनी गाड़ी में ऊपर ही बुलाते हुए किसानों का धन्यवाद व्यक्त किया।

किसानों ने कड़ाके की धूप की परवाह ना करते हुए सुबह 10:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक डांडिया नृत्य करते रहे एवं लैंगी खेलते रहे। जमीन पर बैठकर लैंगी गीत भी गाते रहे, जब मीडिया ने किसानों से पूछा कि आप इतनी धूप में जमीन पर बैठें हैं, तब किसानों ने कहा कि बड़े ही हर्षोल्लास का मौका है कि मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनी है और हमारे सीहोर गृह जिले के शिवराज सिंह केन्द्रीय कृषि मंत्री बने है, हमारी खुशी के आगे धूप कुछ नही है। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने यह भी कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किसान सम्मान निधि 18 जून 2024 को देने का वादा किया है और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हमेशा किसानों की मदद की गई है। इस खुशी में हम किसानगण आज डांडिया नृत्य कर रहे हैं, नाच रहे हैं।

इस अनोखे आकर्षक दृश्य को अनेकों लोगों अपने-अपने मोबाइल में किसानों को कैद करते रहे। किसानों का डांडिया ड्रेस आकर्षित का केंद्र बना रहा। किसानों द्वारा किया जा रहा देश का पारम्परिक संस्कृति डांडिया नृत्य को महिलाओं ने भी मोबाइल कैद करते नजर आ रहे थे। भोपाल में मामा जी के निवास के सामने चल रहे इस आकर्षक दृश्य को हर कोई व्यक्ति रुक कर मोबाइल में वीडियो बना रहे थे। यहां यह भी देखा गया कि जहां कई राजनैतिक संगठनों ने बड़े-बड़े मंच लगाये हुए थे, वहीं किसानों द्वारा खुली जमीन पर बैठकर लैंगी गीत गा रहे थे, तो यहां यह देखा गया कि इन किसानों द्वारा किये गये पारम्परिक डांडिया नृत्य करते हुए लैंगी गीत के आगे लाखों रुपए खर्च कर बनाये गये बड़े-बड़े मंच फीके पड़ गये और किसानों के इस आकर्षक दृश्य को देखने के लिये हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पहुंचे ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल मेवाड़ा, मांगीलाल, भगवान सिंह, केदार सिंह, गोपाल सिंह, अचल सिंह, करण सिंह, बलवान सिंह, ग्राम बिलकिसगंज से वरिष्ठ किसान प्रीतम सिंह मेवाड़ा, ग्राम छोटी कुंलास से रमेश चंद वर्मा, ग्राम कचनारिया से राकेश हाड़ा सहित सीहोर जिले के अलग-अलग गांव से भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह जी का जोरदार स्वागत किया और इस अवसर पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान पाँव-पाँव वाले भैया हैं, किसान का बेटा है उन्हें स्वयं अपनी खेती में हल चलाया है और किसानों



अनेक समस्याओं को हल किया इस लिये आज हम शिवराज सिंह चौहान का हृदय से सम्मान करते हल भेंट कर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनको केंद्रीय कृषि मंत्री बनाया है यह हम सबके लिये गौरव की बात है हम किसानों को बड़ी उम्मीद है कि अब हम किसानों के लिए बढ़चडकर काम करेंगे और हम किसानों को 18 जून 2024 को जैसे ही किसान सम्मन निधि खाते में आएगी हम मोदी सरकार, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सम्मान में डांडिया नृत्य कर उत्साह मनाएंगे।

# दुर्घटना में पुत्र की हुई थी मौत, सचिव ने पिता-पुत्र को किया मृत घोषित

**अब नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ**



आष्टा। शासन के रिकॉर्ड में सिद्धनाथ मृत घोषित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा

विकासखंड की ग्राम पंचायत मुगली के तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल वर्मा जो वर्तमान में ग्राम पंचायत मुस्करा में पदस्थ हैं। इन्होंने ग्राम के एक व्यक्ति के पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु पर न केवल पुत्र का अपितु उसका नाम भी मृतकों की सूची में अंकित कर दिया, जिसके कारण वह व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ 4 सालों से नहीं ले पा रहा है। ग्राम पंचायत के चक्कर लगा -लगा कर परेशान हो गया। करीब 2 साल से उक्त ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा उक्त व्यक्ति को जिंदा रिकॉर्ड में ठीक कराने के लिए अनेकों बार संबंधितों को लिखित में एवं मेल चला कर भी अवगत करा चुकी हैं, लेकिन ऊपर की व्यवस्था इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुगली ग्राम पंचायत के सिद्धनाथ पिता रंजीत सिंह अनुसूचित जाति का पुत्र सुरेश का करीब 4 साल पहले दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उस समय ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव गोपाल वर्मा थे, उन्होंने ग्राम के सिद्धनाथ पिता रंजीत सिंह के पुत्र सुरेश की मृत्यु होने पर मृतकों की सूची में सुरेश के साथ उसके पिता सिद्धनाथ का नाम भी अंकित कर दिया था। सिद्धनाथ को यह जानकारी करीब 2 साल पहले पता चली, उसके बाद वह ग्राम पंचायत के चक्कर लगा - लगा कर परेशान हो गया। ग्राम पंचायत मुगली के सरपंच ज्ञानसिंह ठाकुर एवं पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा के पास जाकर बताया तो उन्होंने पोर्टल पर देखा तो सिद्धनाथ का नाम नहीं था। पंचायत सचिव सरोज मेवाड़ा के अनुसार उन्होंने इस संबंध में अनेकों बार मेल भी चलाएं लेकिन सिद्धनाथ का नाम मृतकों की सूची में से नहीं हट रहा है। सिद्धनाथ ने बताया कि मेरा नाम मृतकों की सूची में शामिल होने के कारण राशन एवं शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### मेरी जानकारी में नहीं था एक सप्ताह में नाम जुड़ जाएगा: सीईओ

सीईओ अमित व्यास ने बताया कि मुगली ग्राम के सिद्धनाथ का नाम तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल वर्मा से ऑनलाइन उनके पुत्र के साथ जुड़ गया था। ग्राम पंचायत का प्रस्ताव लेकर सांख्यिकी विभाग भोपाल संबंधित विभाग को भेजा है। पुनः पत्र लिखकर शीघ्र नाम पंचायत की सूची में जुड़वा दिया जाएगा।

# क्रिकेट ट्रॉफी के रोमांचक फाइनल में कृष्णा ब्लास्टर ने फ्यूचर मैक्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर




शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में खेली गई एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी का फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। मैच की अंतिम गेंद पर कृष्णा ब्लास्टर ने फ्यूचर मैक्स को पांच विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस मौके पर सीहोर विधानसभा के विधायक और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन और उभरते खिलाड़ियों को मंच देने के लिए अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा, सहायक कोच गौरव पिचोनिया, मदन कुशवाहा आदि को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकादमी के संरक्षक जगदीश कुशवाहा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कृष्णा ब्लास्टर टीम के आनर वीरु वर्मा, फ्यूचर मैक्स के आनर आशीष शर्मा, मनोज दीक्षित मामा, हेमंत केसरिया, सुनील जलोदिया, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे और आसिफ खान आदि ने पुरस्कार वितरण किया। एकलव्य क्रिकेट समर लीग क्रिकेट ट्राफी के फाइनल मुकाबले में शाम को टास कृष्णा ब्लास्टर ने जीता था और क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी फ्यूचर मैक्स टीम के सलामी बल्लेबाज मंथन कुशवाहा ने 21 गेंद पर 17 रन और समर्थ शर्मा ने 24 गेंद पर 17 रन की पारी खेली, इसके अलावा कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वही कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमेन्द्र सिंह पटेल ने दो ओवर में मात्र आठ रन देकर तीन विकेट, मोहित मेवाड़ा ने तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट और शुभ सक्सेना ने दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की शुरूआत खराब रही, क्रीज पर आए सलामी बल्लेबाज कार्तिक पाल चार रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज नैतिक राजपूत ने 37 गेंद पर 30 रन और मोहित मेवाड़ा ने 16 गेंद पर 10 रन बनाकर पारी को संभाल और मैच की अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। फ्यूचर मैक्स की और से समर्थ शर्मा ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट और वारिश कुशवाहा ने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि फाइनल मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल करने वाले हेमेन्द्र सिंह पटेल को मैन आफ द मैच प्रदान किया गया।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष रवि चौधरी का किया शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶जावर

इंदौर आईपीएस कॉलेज अध्यक्ष छात्र शक्ति रवि चौधरी का एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जावर जोड़ पर एनएसयूआई पदाधिकारी गन एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया जिसमे प्रमुख रूप से एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रदुम ठाकुर,अभिषेक बीसूखड़ी, जोगेंद्र भाटी, योगेंद्र गोयल,देवराज पोरवाल, कपिल, शैलेंद्र भावखेड़ा, अजय सिंह ठाकुर, काना ठाकुर, सचिन ठाकुर, नरेंद्र सोलंकी, सचिन, दानिश खान, उज्जवल ठाकुर, अभिजीत ठाकुर, अमन ठाकुर, नितिन ठाकुर, दीपक पिपलिया, महेंद्र पोरवाल आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जावर में मनाया इदुज्जुहा का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶जावर

जावर में ईद की नमाज आलिम नोशाद ख़ान के द्वारा अदा करवाई गयी ओर मुल्क के लिए एकता, भाईचारा, अमन चैन व देश की सुरक्षा के लिए दुआ की गयी इस मोके पर तहसील अमला तहसीलदार, पुलिस अमला व नगर परिषद की ओर से अधिकारी कर्मचारी ईदगाह पर मौजूद थे, साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, उपा अध्यक्ष तेजसिंह कप्तान,वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अजमेरा, पार्षद पप्पू मंसूरी, पार्षद जाकिर हुसैन, इकबाल शाह, पूर्व पार्षद आशिक़ अली, बाबू खा ओर गणमान्य नागरिक शहर क़ाज़ी अज़ीज़ुर्रहमान, अब्दुल अज़ीज़ मंसूरी, अनीस मास्टर, पूर्व पार्षद शमीउद्दीन, हाफ़िज़ शाहिद,दयाराम परिहार,आबिद हुसैन,अकबर मंसूरी,अहद सिद्दीकी, यूनुस बेग, ईदगाह कमेटी के सदर शेख तोसिफ की और से चाय ओर पानी की व्यवस्था की गई खलीफा शफीक बाबा, शौकीन मंसूरी, नदीम सिद्दीकी, सदर नौशाद खान, बबलू शेख, हाजी गुलमोहम्मद आदि लोग मुख्य रूप उपस्थित थे मस्जिद कमेटी की और से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# अच्छी बारिश के साथ क्षेत्र के किसानों ने बोवनी का कार्य कर दिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶जावर



पिछले एक सप्ताह से प्री मानसून की शुरुआत में आंधी तूफान के साथ कहीं ज्यादा तो कहीं कम वर्षा हुई है नगर सहित क्षेत्र में लगातार कभी बूंदाबांदी तो कभी तेज वर्षा प्रतिदिन कहीं ना कहीं हो रही है 15 जून से बरसात भी लग चुकी है। मानसून प्रवेश कर चुका है और वर्षा शुरू हो चुकी है इसी बीच ग्राम कुंडिया नाथू क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण कुछ किसानों ने बोवनी का कार्य प्रारंभ कर दिया है। ग्राम कुण्डिया नाथू सहित अनेक गांवों में किसानों ने सोयाबीन, ज्वार, मक्का, मूंगफली, आदि फसलों को बोना प्रारंभ कर दिया है किसान राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू सरपंच ने बताया कि इन दिनों वर्षा अधिक हो चुकी है किसान बोवनी कर सकता है बोवनी के बाद अगर 8-10 दिन भी पानी नहीं आए तो फसल नहीं सुखेगी और इस बीच वर्षा होगी क्योंकि 15 जून से वर्षा प्रारंभ हो चुकी है और अब लगातार कहीं ज्यादा तो कहीं कम पानी गिरेगा पिछले दो दिनों से लगातार जो बारिश हुई है उसे खेतों में पानी भर गया था और काफी नमी हो गई किसान आसानी से बोवनी कर सकता है।

**हिंदू रीति रिवाजों के साथ किया डॉगी का अंतिम संस्कार**

# परिजनों ने नम आंखों से दी परी को अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा



नगर के बुधवारा रोड के समीप स्थित निखार ब्यूटी पार्लर संचालिका कविता चंद्रवंशी के परिवार ने हिंदू रीति रिवाजों के साथ अपने डॉगी परी का किया अंतिम संस्कार। किरण रांका ने बताया कि कविता चंद्रवंशी का पूरा परिवार के बीच डॉगी एक परिवार की सदस्य की तरह थी।

जिसे सब बहुत ही स्नेह से रखते थे। उसका नाम निखार ब्यूटी पार्लर परिवार ने परी रखा था एवं बताया जाता है कि परी करीब 14 वर्ष से इसी परिवार का एक हिस्सा बनी हुई थी। किरण रांका ने बताया कि परी की विगत कुछ माह से तबीयत खराब थी।जिसका इलाज भोपाल चल रहा था। अचानक बीती रात को उसकी तबीयत पुनः खराब हुई, जिसे इलाज के लिए भोपाल ले जा रहे थे। इसी दौरान डॉगी परी ने अंतिम सांस ली। और परिवार जनों को पता चला कि अब वहां इस दुनिया में नहीं रही तो पूरे परिवार के आगे दुख के बादल छा गए। और उनके पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। क्योंकि कविता चंद्रवंशी व उसके बेटा बेटी हमेशा उसको अपने परिवार का एक सदस्य मानते थे। उसकी मृत्यु के बाद निखार ब्यूटी पार्लर परिवार ने हिंदू रीति रिवाजों के साथ उसका अंतिम संस्कार किया। एवं झलकती हुई आंखों से अंतिम विदाई दी। वहीं अंतिम संस्कार के दूसरे दिन उसकी अस्थियां नेमावर में विसर्जन की। इस परिवार की इस तरह से अपने डॉगी के प्रति प्रेम देखकर सभी परिचितजनों, परिजनों एवं शहर वासियों ने इस परिवार की काफी सराहना की।

# विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा



लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कृषि व ग्रामीण पचायत केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई केन्द्रीय मंत्रियो के प्रथम भोपाल आगमन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के पहले भोपाल में विभिन्न क्षेत्रों के हजारों कार्यकर्ताओ ने भव्य आगवानी की इसी क्रम में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पूर्व मुख्यमंत्री, विदिशा सांसद, कृषि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल में भारत टाकीज चौराहे पर गर्म जोशी से स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोपाल सिंह इंजीनियर के अभिनन्दन की प्रशंसा करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से कहा की इसी प्रकार सक्रियता बनाए रखना और विकास कार्यों को करवाते रहना। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने माननीय केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुलाब के फूलों व प्रतीक चिन्ह भेंट कर ढोल नगाड़े आतिशबाजी कर अपने नेता का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सीहोर जिले के वरिष्ठ नेता गण आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी नेतागण उपस्थित रहे।